हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

04 मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन



04 वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन...





आज सजेगा दशहरा उत्सव, 51 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्युज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय में विजयादशमी का पर्व 20 अक्टूबर को पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। शहर के दशहरा मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। आठ दशक से भी अधिक समय से लगातार मनाया जा रहा बलौदा बाजार का दशहरा उत्सव नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इस आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सौहार्द की झलक देखने को मिलती है। दशहरा उत्सव समिति के प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय हीरालाल सोनी के परिवारजन आज भी इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही इस परंपरा ने उत्सव को नगर की विशिष्ट पहचान प्रदान की है। वर्तमान दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी हैं। समिति के सदस्य पनिश केसरवानी, मनोज कुमार सोनी, आकाश सोनी, सूरज सोनी, अनिल ठाकुर, संतोष पटेल और साहू जी सहित अन्य सदस्य आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

शाम 6 बजे रामलीला का मंचन, 7 बजे होगा रावण दहन

सोन पत्ती देकर निभाते हैं परंपरा

बलौदा बाजार के दशहरा उत्सव की एक खास परंपरा सोन पत्ती का आदान-प्रदान भी है। नगरवासियों के लिए दशहरा का उत्सव सूर्योदय से पहले ही शुरू हो जाता है। लोग सुबह समीप स्थित सोनबरसा जंगल जाकर वहां उगने वाली सोन पत्ती लेकर आते हैं। शाम को रावण दहन के बाद एक-दूसरे को सोन पत्ती देकर विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हैं। इसके बाद परिचितों, मित्रों और रिश्तेदारों के घर जाकर मिलने-मिलाने तथा बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता है।



पुलिस की मुस्तैदी, सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण आयोजन पर जोर

दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना महत्वपूर्ण रहेगा। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था से शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न कराने पर जोर रहेगा। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में निगरानी, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता आवश्यक रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगरवासी निर्भय होकर मेले, रामलीला और रावण दहन का आनंद ले सकेंगे।

शाम 4 बजे से सजेगा मेला, रामलीला के बाद रावण दहन

दशहरा मैदान में शाम 4 बजे से मेला सजना शुरू हो जाएगा। विभिन्न दुकानें लगेंगी और नगरवासियों के साथ आसपास के क्षेत्रों से आने वाले लोगों की भीड़ जुटने लगेगी। शाम 6 बजे रामलीला का मंचन किया जाएगा, जबकि शाम 7 बजे 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा। बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए यह आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेगा।

खबर संक्षेप



बरदा में आज होगा 30 फीट रावण का पुतला दहन

मुंडा। शारदीय नवरात्रि की समाप्ति के साथ ही ग्राम बरदा में दशहरा पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। पर्व को भव्य रूप देने के लिए ग्राम के मूर्तिकार परमानंद वर्मा, खिलेश्वर, सत्यनारायण, सुशील, टेकराम, हीरेंद्र, राजू, चोलाराम और रूपेश द्वारा बाजार चौक में 30 फीट ऊंचे आकर्षक रावण के पुतले का निर्माण किया गया है। 20 अक्टूबर को विजयादशमी के पावन पर्व पर शाम होते ही ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर रावण दहन स्थल पहुंचेंगे। इस दौरान भगवान राम और रावण के बीच पारंपरिक युद्ध का जीवंत मंचन किया जाएगा, जिसके पश्चात 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन कर असत्य पर सत्य की विजय का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

बंगोली में रावण दहन आज

बंगोली। शारदीय नवरात्र पर्व के चलते विजयदशमी मंगलवार को श्रीरामकृष्ण लीला व मानस परिवार के तत्वावधान मे रामलीला का मंचन होगा। रामलीला मे रावण अंगद संवाद, राम रावण में भयंकर युद्ध होगा। पश्चात भगवान राम के हाथ प्रकांड पंडित महाराज रावण का अग्निबाण से दहण का लीला दिखाया जायेगा । असत्य पर सत्य की विजय होगा। राम का किरदार पूरब धुरंधर तथा रावण सोहन साहू द्वारा अभिनय होगा। वहीं व्यासपीठ पर दौलत धुरंधर, टकेश्वर धीवर, ईश्वरी यादव एवं रामगोपाल नायक उपस्थित रहेंगे।

गादी महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे राजेश्री महन्त

गिधौरी। पूर्व विधायक महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज का दशहरा महोत्सव के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त हुई है, मिली जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी दिनांक 20 अक्टूबर, दिन मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से 11:30 बजे तक पुरानी बस्ती जैतू साव मठ में शस्त्र एवं हवन पूजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक श्री दूधाधारी मठ में शस्त्र, हवन, अश्व एवं वाहन पूजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात वे यहां से रवाना होकर शाम 5:00 बजे श्री शिवरीनारायण मठ पहुंचेंगे। यहां भव्य शोभा यात्रा के साथ अस्त्र, शमी तथा जनकपुर में विराजित श्री हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 6:30 बजे गद्दी महोत्सव प्रारंभ होगा, इसमें हवन पूजन, देव दर्शन के पश्चात नगर एवं बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं से भेंट - मुलाकात करेंगे। रात्रि ▶▶ शेष पेज 02 पर



हादसा : बच्चे की मौके पर मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने दो घंटे किया चक्काजाम

तेज रफ्तार बलकर ने बाइक को मारी टक्कर, 11 माह के मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

ग्राम रिसदा में रविवार शाम तेज रफ्तार बलकर की टक्कर से 11 माह के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की मरम्मत और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन के चलते करीब दो घंटे तक भारी वाहनों की आवाजाही बाधित रही। पुलिस की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अमेरा निवासी योगेश साहू रविवार शाम अपनी पत्नी और 11 माह के बेटे डायमंड साहू के साथ मोटरसाइकिल से सुहेला में दुर्गा पंडाल के दर्शन कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम रिसदा के अंदर मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बलकर वाहन क्रमांक सीजी 22 जेड 7715 ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान मासूम डायमंड भारी वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

- जर्जर सड़क की मरम्मत और मुआवजे की मांग

जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि रिसदा बायपास से ढाबाडीह तक मुख्य मार्ग की हालत लंबे समय से खराब है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग से गुजरने वाले आम नागरिकों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर पहले भी आवाज उठाई जा चुकी है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।



पुलिस ने बलकर किया जब्त

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाकारित बलकर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया और मामले में आवश्यक कार्रवाई शुरू की। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों को उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए समझाइश दी। करीब दो घंटे बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जर्जर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए, भारी वाहनों की तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा हादसे में जान गंवाने वाले मासूम के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

न्यू जर्वे माइनर नहर में पानी नहीं पहुंचने से किसानों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संडी बंगला

पलारी विकासखंड के न्यू जर्वे माइनर नहर में पानी नहीं पहुंचने से किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है। गंगरेल बांध से पानी छोड़े जाने के दो माह बीत चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की कई छोटी नहरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि न्यू जर्वे माइनर नहर से करीब 800 एकड़ खेतों में सिंचाई होती है। किसानों का कहना है कि नहरों की साफ-सफाई और मरम्मत नहीं होने के कारण पानी खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। समस्या को लेकर किसान मौके पर पहुंचे और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अपनी परेशानी से अवगत कराते हुए जल्द निराकरण की मांग की। इसके बाद नहर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए गए।

सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता श्री सिरमौर ने कहा कि किसानों की मांग जायज है। उन्होंने टाइम कीपर राजेश वर्मा को मौके पर भेजकर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी न हो।इस दौरान एससी-एसटी संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राय, संडी सरपंच मुरली साहू, राजेश वर्मा, मनोहर वर्मा, अजय मारकंडे, युवराज चेरियन, गणेश साहू, बद्री वर्मा, दिलीप साहू, मोहन कुर्रे, तरुण वर्मा और सुरेश वर्मा सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। किसानों ने नहर की साफ-सफाई और मरम्मत कराकर जल्द पानी पहुंचाने की मांग की।

छड़िया में जैतखाम निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

ग्राम पंचायत छड़िया में शारदीय नवमी के पावन अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की असीम कृपा एवं आशीर्वाद से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'एक दिया बाबा के नाम' कार्यक्रम का श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़े मंदिर, सतनाम चौक छड़िया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सर्वमानव समाज में प्रेम, सद्भाव, आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के साथ बाबा गुरु घासीदास जी के सत्य, समानता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस पावन अवसर पर बाबा जी की निशानी एवं सतनाम संदेश के प्रतीक जैतखाम निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और एकता की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सतनामी समाज के वरिष्ठजनों सहित समस्त मानव समाज के लोगों ने सहभागिता निभाई तथा जैतखाम ▶▶ शेष पेज 02 पर



रामलीला मैदान में ही पटाखा दुकान लगाने अड़े व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए शहर में अस्थाई पटाखा दुकानों के आवंटन को लेकर प्रशासन और पटाखा व्यापारियों के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है। पटाखा व्यापारियों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि उन्हें पूर्व की तरह पुराना गंज रामलीला मैदान में दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाती है, तो वे लोकोत्सव मैदान में भी पटाखा दुकानें नहीं लगाएंगे। इसी विषय को लेकर आज प्रशासन एवं पटाखा व्यवसायियों के बीच दूसरे दौर की बैठक आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों ने एक बार फिर पुराना गंज रामलीला मैदान में ही अस्थाई पटाखा बाजार लगाने की मांग मजबूती से रखी। व्यापारियों का कहना है कि पुराना गंज रामलीला मैदान में वर्षों से पटाखा बाजार संचालित होता आया है और व्यापारियों एवं ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह स्थान अधिक उपयुक्त है। वहीं, प्रशासन द्वारा प्रस्तावित लोकोत्सव मैदान को लेकर व्यापारियों ने सुरक्षा, आवागमन, पार्किंग तथा आसपास की परिस्थितियों को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि पूर्व की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुराना गंज रामलीला मैदान में ही पटाखा बाजार लगाने की अनुमति प्रदान की जाए, ताकि व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सुरक्षित एवं सुविधाजनक ▶▶ शेष पेज 02 पर

50 युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

नवरात्रि पर्व के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में 50 युवाओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष एवं जिला महामंत्री जितेन्द्र नवरत्न के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस का गमछा पहनकर पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर जितेन्द्र नवरत्न ने युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि युवाओं का संगठन से जुड़ना पार्टी के लिए उत्साहजनक है। कांग्रेसजनों ने इसे संगठन में नई ऊर्जा के संचार और युवाओं के बढ़ते जुड़ाव का प्रतीक बताया। कांग्रेस में प्रवेश करने वालों में धर्मेंद्र घृतलहरे, साहिल रात्रे, जीत डहरिया, रघुवीर चेलक, देवा कुरै, इंद्रजीत भारती, ललित भारती, कार्तिक साहू, चदू साहू, नरेंद्र घृतलहरे, बाली, गजेंद्र चेलक, दिनेश साहू, लीलाधर साहू, कुलेश्वर पुरेना, देवेंद्र रात्रे, खुटेश्वर धुर्वे, आशिक पैकरा, दीनदयाल डहरिया, प्रमोद जोशी, दुखद मनहरे, लंकेश्वर घृतलहरे, दिलहरन चतुर्वेदी, शिवशंकर घृतलहरे, शिवा चेलक, विकी, महेंद्र चतुर्वेदी, रितेश घृतलहरे, जलज घृतलहरे, बबलू, अनुज, राहुल और प्रवीण सहित अन्य युवा शामिल रहे।

- जिला कांग्रेस कार्यालय में जितेंद्र नवरत्न के नेतृत्व में ली पार्टी की सदस्यता



कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सेन, पंचायत कांग्रेस के प्रदेश सचिव तरुण खटकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, काजल सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

रामलीला मंचन के आठवें दिवस पर भाटापारा विधायक ने की आरती

लक्ष्मण शक्ति घात व मेघनाद वध के दृश्यों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

नगर की गौरवशाली परंपरा 107वें वर्ष की 'आदर्श रामलीला' के मंचन के आठवें दिन हजारों की संख्या में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन के दौरान मंचित लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध और मेघनाद वध जैसी प्रसिद्ध लीलाओं की जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला में रावण की भूमिका में मंजे हुए कलाकार कोमल शर्मा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया, वहीं मायावी मेघनाद के किरदार को जगदीश वैष्णव ने जीवंत कर दिया। कुंभकर्ण की भूमिका में नमन मल की अभिनय कला को भी दर्शकों ने खूब सराहा। आठवें दिवस की प्रभु श्रीराम की महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र साव, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, संत रामस्वरूप दास, ट्रेडर्स एसोसिएशन मंडी, सदर बाजार, सराफा व्यापारी संघ एवं सिख समाज के प्रतिनिधि विशेष रूप से शामिल हुए। मुख्य आसंदी से संबोधित करते हुए विधायक इंद्र साव ने कहा कि 107 वर्षों से निरंतर चला आ रहा यह अभूतपूर्व मंचन युवाओं को भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने आयोजन समिति एवं सभी कलाकारों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। वहीं नगर पालिका ▶▶ शेष पेज 02 पर





अतिथियों और सहयोगियों का जताया आभार

महाआरती में हरगोपाल शर्मा, ईश्वर सिंह ठाकुर, अनिल चांडक, अमरजीत सलूजा, राजा चावला, राधेश्याम अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, दीपक मल, रवि गुप्ता सहित चांपा व बिलासपुर से आए व्यापारिक प्रतिनिधि अंशुमान मुरारका, शिखा अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सुधाकर सारस्वत एवं संजय जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से बजरंग चौरसिया ने मंच के पीछे रहकर व्यवस्थाएं संभालने वाले सहयोगियों प्रकाश शर्मा, संदीप मल, सूर्यकांत शुक्ला, धन्जी जोशी, देवनारायण शर्मा, हेमंत मल, विनय ठाकुर, शिवनारायण गुप्ता आदि के अमूल्य योगदान की सराहना की और जनसमुदाय को उनके प्रयासों से अवगत कराया।

छत्तीसगढ़ आगमन पर अनिमेष का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

20 वे एशियाई खेलों जापान में छत्तीसगढ़ (जशपुर) के अनिमेष कुजूर ने अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए मिक्सड रिले इवेंट में कांस्य पदक भारत को दिलाया ,विदित है कि अनिमेष कुजूर भारत को कई अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक दिला चुके है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनिमेष को मन की बात जैसे कार्यक्रमो से उनकी प्रशंसा की है। उनके छत्तीसगढ़ आगमन पर मा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री आवास में उन्हें एवम उनके परिजनों को सम्मानित किया बधाईया दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, संचालक खेल एवम युवा कल्याण विभाग आकांशा शिक्षा खलखो, ▶▶ शेष पेज 02 पर

खबर संक्षेप



आकांक्षा गोलू जायसवाल ने दुर्गा पंडालों में किया जनसंपर्क

बलौदाबाजार। शारदीय नवरात्रि की दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने ग्राम मोहतरा, मुड़ियाडीह, सेमहरिया और खैन्दा का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा के 20 पंडालों में पहुंचकर जनसंपर्क किए और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। दौरे की शुरुआत ग्राम मोहतरा के प्रसिद्ध महामाया मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद उन्होंने दंतेश्वरी चौक, शंकर पंडाल, बाड़ाघर चौक, गोल चौक, दशहरा चौक, बजरंग चौक, तिल्लापारा, आजाद चौक, कर्मा चौक, ढीमर चौक, नहर पार और गांधी चौक स्थित दुर्गा पंडालों में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात ग्राम मुड़ियाडीह के दुर्गा चौक, ग्राम सेमहरिया के दुर्गा चौक तथा ग्राम खैन्दा के मेन रोड, अलाव चौक, रामायण चौक, चंडी चौक और भाटा मोहल्ला में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन किए। दौरे के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और स्थानीय समस्याओं के संबंध में चर्चा की।



पेज 3 के शेष

छड़िया में जैतखाम ...

निर्माण के भूमिपूजन अवसर पर अपनी उपस्थिति एवं आशीर्वाद प्रदान किया। संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी की आरती के साथ कार्यक्रम का श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विनोद कुर्रे द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने बाबा गुरु घासीदास जी के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में एकता, भाईचारे और मानव कल्याण की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

रामलीला मैदान में...

खरीदारी का माहौल मिल सके। बैठक के बाद व्यापारियों ने सामूहिक रूप से अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि रामलीला मैदान में अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में लोकोत्सव मैदान में दुकानें लगाने का विकल्प भी स्वीकार नहीं किया जाएगा।

गादी महोत्सव ....

विश्राम शिवरीनारायण मठ में होगा। बुधवार, दिनांक 21 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे शिवरीनारायण मठ से प्रस्थान होंगे, दोपहर 12:30 बजे उनका आगमन श्री दूधाधारी मठ रायपुर होगा। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त जी महाराज का प्रत्येक वर्ष विजयादशमी के अवसर पर मिनट- टू -मिनट अत्यधिक व्यस्ततम कार्यक्रम रहता ही है, जिसका निर्वाह वे निरंतर करते आ रहे हैं।

लक्ष्मण शक्ति घात...

उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने इसे धर्म और संस्कृति के लिए भाटापारा की अमूल्य धरोहर बताते हुए आयोजन समिति को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इसके अलावा सिख समाज के मनेंद्र सिंह सोनी, ट्रेडर्स एसोसिएशन मंडी के राधेश्याम अग्रवाल एवं भाग सिंह सलूजा ने भी आयोजन की सराहना की।

छत्तीसगढ़ आगमन ...

उप संचालक रश्मि ठाकुर, सँयुक्त संचालक प्रभाकर पांडे, जी एस बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, रितिका सिंह, अमृत कुजूर, रीना कुजूर, अनिमा कुजूर, अनिकेत, समीर कुजूर, प्रवेश जोशी, निंग राज रेड्डी, रवि धनगर, विनोद नायर, सुनील नायर, सुदर्शन सिंह, दिनेश तांडी, आशीष जायसवाल, अनिरुद्ध सुना, गौतम मिरी, दीपक पटेल, रवि राजा, तुलसी साहू सहित एथलेटिक्स खेल से जुड़े प्रशिक्षकों एवम पदाधिकारियो ने शुभकामनाये देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नवोदय स्व-आंकलन परीक्षा में 251 विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

स्व आकलन समिति बिर्रा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तरीय जवाहर नवोदय विद्यालय स्व आकलन निः शुल्क प्रतियोगिता परीक्षा पंचम वर्ष छत्तीसगढ़ के कुल 8 परीक्षा केंद्र में दिनांक 18 अक्टूबर को सम्पन्न हुआ। इसी तारतम्य में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला का परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद विद्यालय भटगांव में भी 251 बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए जाने वाले परीक्षा के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही स्व आकलन के लिए कराई जाती है। ब्लू प्रिंट के आधार पर विषय विशेषज्ञ के द्वारा प्रश्न पत्र का निर्माण किया जाता है। इस स्व आकलन परीक्षा से बच्चों को जवाहर नवोदय के परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए आसान हो जाता है। ओ एम आर शीट को भरने का अभ्यास के साथ प्रश्नों की समझ बनती है। यह परीक्षा केवल नवोदय के लिए ही नहीं बल्कि एनएमएमएसई परीक्षा के लिए भी तैयारी करने में मदद करती है। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने की दृष्टि से यह परीक्षा प्रतिवर्ष आयोजित होती है। जिसमें पुरुस्कार की भी व्यवस्था है प्रथम पुरुस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय 9 हजार रुपए, तृतीय 8 हजार रुपए, चतुर्थ 7 हजार रुपए, पंचम 6 हजार रुपए, षष्ठ 5 हजार रुपए, सप्तम 4 हजार रुपए, अष्टम 3 हजार रुपए, नवम 2 हजार एवं दशम 1 हजार तथा प्रत्येक पुरुस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाता है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को दिए जाएंगे नकद पुरस्कार और सम्मान



शिक्षकों और समाजसेवियों का रहा विशेष योगदान

समस्त पुरुस्कार एवं प्रश्न पत्र छपाई स्वल्पाहार आदि के लिए आर्थिक सहयोग समाज से तथा समिति के सदस्यों के द्वारा किया जाता है। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में यह अद्वितीय प्रतियोगिता परीक्षा है। जिसमें गरीब वर्ग के बच्चों को भी अपनी क्षमता के आधार पर आर्थिक सहयोग मिल सकता है। इस परीक्षा के प्रभारी बुधेश्वर कुमार कश्यप, मूलचंद देवांगन, केंद्राध्यक्ष प्रियतम भारद्वाज, अजय कुमार नारंग, हलधर आदित्य, विजय कुमार साहू संकुल समन्वयक, अमित केशरवानी संकुल समन्वयक, चैतन्य साहू संकुल समन्वयक, अरुण कुमार देवांगन, कमलेश्वर साहू, भरत चंद्रा संकुल समन्वयक, जितेंद्र देवांगन, कुमारी मोना देवांगन, कुमारी अलका देवांगन, विजय साहू, कुमारी श्रेया देवांगन, कालीचरण चंद्रा, टीकाराम साहू, नीलकुमारी हिरवानी, खूबचंद साहू, बुधराम वाडेकर संकुल समन्वयक, अरविंद श्रीवास, रामलाल चंद्रा, राम कुमार देवांगन, भागवत साहू, कमलेश्वर चंद्रा, प्रदीप देवांगन आदि ने सहयोग प्रदान किया।

सियासत : तिल्दा-नेवरा में कांग्रेस का वोट बचाओ - देश बचाओ आंदोलन

कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

भूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे "वोट बचाओ–देश बचाओ" आंदोलन के अंतर्गत आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के संयुक्त आयोजन में मोटरसाइकिल रैली निकाली गई।वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन के तहत प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली तथा पुतला दहन कर विरोध जताया।

जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा की उपस्थिति में आयोजित रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठन किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाकर एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यहां कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन सौंपकर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। इसके बाद रैली पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पहुंची, जहां ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान नुक्कड़ सभा आयोजित कर कांग्रेस नेताओं ने अपने विचार रखे। जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है।

प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने का समान अवसर मिलना चाहिए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में यदि किसी प्रकार की त्रुटि या अनियमितता सामने आती है, तो उसका निष्पक्ष निराकरण होना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाती रहेगी।

इस मौके पर कांग्रेस कमेटी तिल्दा शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदेव साहू, मोती हिंदुजा, कृष्णा मूर्ति, सुनील सोनी, राहुल तेजवानी, लाला शर्मा, नीरज राठी, शरद वर्मा, अनूप रवानी, तोरण जांगड़े, पूना राम वर्मा, डीगु वर्मा, संदीप पांडे, रतन चंद निषाद, अजय मार्खंडे, हरि मार्खंडे, मदन साहू, अजमेर बैग, नानू छाबड़िया अजितेश शर्मा, कैलाश गांधी, सनद सेन, छोटू नवरंगे, योगेंद्र साहू, संजय वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा चांपा ,प्रकाश मेघानी, विजय चंदवानी, तारण डहरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मताधिकार की रक्षा सर्वोपरि : त्रिवेदी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठने वाले सवालों का पारदर्शी तरीके से समाधान होना चाहिए। मतदाता का वोट केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के भविष्य को तय करने की ताकत है। यदि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कमजोर होता है, तो यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मताधिकार की रक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। कार्यक्रम को सुरेंद्र शर्मा और पूर्व विधायक जनक राम वर्मा ने भी संबोधित किया। नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है आंदोलन : बंजारे

सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था और मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने ने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 326 वयस्क मताधिकार के सिद्धांत को स्थापित करता है। मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शामिल होना और किसी भी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियादी आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में उठ रहे सवालों का जवाब मिलना चाहिए। लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है और उसकी रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है। कांग्रेस इस मुद्दे पर जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

भक्ति और उत्साह के साथ मनाई दुर्गा अष्टमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

गिधपुरी अंचल में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गा अष्टमी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। भवानीपुर, सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहान, धौराभाटा, हरीनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी और जुनवानी सहित आसपास के गांवों में हवन पूजन का आयोजन किया गया। मांदर की थाप और माता सेवा समिति के भक्ति गीतों से पूरा अंचल भक्तिमय हो उठा। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर मंदिरों और पूजा पंडालों में विधि विधान से हवन पूजन किया गया। माता सेवा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने नवकन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। पूजा अर्चना के लिए विभिन्न गांवों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे।गांव-गांव में दिखा उत्साह नवरात्रि के दौरान अंचल के कई गांवों में आकर्षक झांकियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस वर्ष सभी गांवों में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक माता रानी की आराधना, भजन कीर्तन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों से गांवों में उत्सव का माहौल बना रहा। मंगलवार को गली भ्रमण के साथ माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसे लेकर समितियों और ग्रामीणों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

धर्म और संस्कृति से जुड़ने का अवसर

पंडित शेखराम शर्मा ने कहा कि दुर्गा अष्टमी पर हवन पूजन और कन्या भोज का विशेष धार्मिक महत्व है। ऐसे आयोजन श्रद्धालुओं में भक्ति भाव जागृत करने के साथ ही धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। रघुवर दास वैष्णव ने कहा कि नवरात्रि का पर्व समाज में एकता, सद्भाव और आपसी सहयोग का संदेश देता है। सामूहिक धार्मिक आयोजनों से ग्रामीणों में भाईचारा बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रमों के दौरान माता सेवा समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

51 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व को भाटापारा में भव्य एवं आकर्षक स्वरूप में मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नगर के रावणभाठा मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव को यादगार बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने आयोजन स्थल पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया तथा कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों से चर्चा की। इस वर्ष दशहरा उत्सव में 51 फीट ऊंचे रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही भव्य प्रकाश सज्जा, विशाल एलईडी स्क्रीन पर रामलीला का लाइव मंचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लगभग एक घंटे तक आतिशबाजी आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। रंग-बिरंगी रोशनी और आतिशबाजी से रावणभाठा मैदान उत्सव के उल्लास से सराबोर होगा।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रावणभाठा मैदान पहुंचकर आयोजन स्थल की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारु संचालन, दर्शकों की सुविधा और आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रखने पर जोर दिया। दशहरा उत्सव में बड़ी संख्या में नगरवासियों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि विजयादशमी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। भगवान श्रीराम के आदर्श, उनका मर्यादित जीवन और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष हमें सदैव सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि अपने भीतर मौजूद अहंकार, अन्याय, नकारात्मकता और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प भी है। नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी नगरवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उत्सव में सहभागिता की अपील की।



आज 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

गिधौरी। ग्राम गिधौरी में शारदीय नवरात्रि फर विधि विधान से मां जगदम्बा की सुबह शाम श्रद्धा भक्ति के साथ श्रद्धालुओं ने नौ दिनों तक महाआरती कर पूजा पाठ की और परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। सप्तमी और अष्टमी महिलाओं ने भारी संख्या में मां दुर्गा माता अराधना के साथ पूजा अर्चना कर नौ दिनों तक माता की सेवा में लगे रहे और नवमीं पर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारी बंधु ,ग्रामीण तथा राहगीरों ने बढ़-चढ़ प्रसादी भंडारा में शामिल हुए। नौ दिनों तक माताराणी दुर्गा की प्रतिमा की सेवा पंडित मुकेश शर्मा एवं बैगा हरीश केवट का विशेष सहयोग रहा।

आज मनाया जाएगा दशहरा : ग्राम गिधौरी में 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को विजय दसमीं पर भव्य दशहरा उत्सव मनाया जायेगा। और लम्बी कुद एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें में सबसे पहले राम-लक्ष्मण की झांकी निकाली जायेगी। भजन कीर्तन के साथ कर्मा नाच के साथ राम -लक्ष्मण झांकी पूरे गांव में भ्रमण कर सोन पत्ति तोडकर नाचते गाते दशहरा मैदान पहुचेगी इसके बाद गड तोड लम्बी कूद होगी और लम्बी कूद के बाद 30 फीट रावण का दहन किया जायेगा और असत्य पर सत्य की जीत होगी तत्पश्चात मंचस कार्यक्रम होगा। दशहरा उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सनम जांगड़े अध्यक्ष प्रदेश भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा एवं पुर्व विधायक बिलाईगढ़, अतिविशिष्ट अतिथि छतरराम साहू, दुर्गेश साहु, विशिष्ट अतिथि राजा वर्मा सहकारिता एवं उद्योग सभापति, दिव्या रामा केवट उपसरपंच अध्यक्षता देवप्रसाद केवट सरपंच गिधौरी, सुखीराम वर्मा, कुमारी बाई, सुर्या वर्मा पुर्व उपसरपंच, शत्रुघन साहू, मीडिया प्रभारी मदन खाण्डेकर, विनोद केशरवानी, विक्रम बंजारे, चंद्रहास साहू एवं पंचगण उपस्थित होंगे। रात्रिकालिन में छत्तीसगढी रंगारंग कार्यक्रम प्रेम सुधा लोककला मंच रायपुर की प्रस्तुति होगी तथ दशहरा उत्सव में आसपास के ग्रामीण एवं दुकानदारो को भारी संख्या में आने की अपील की गई है।



नालसा योजनाओं और साइबर सुरक्षा पर विधिक साक्षरता शिविर


खरोरा। महिला सम्मेलन में नालसा योजना व साइबर अपराध सुरक्षा व बचाव पर विधिक साक्षरता शिविर ग्राम पंचायत बुड़ेनी विकास खण्ड तिल्दा जिला रायपुर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा (मितानिन) तथा पंचायत प्रतिनिधियों (महिला सदस्यों)का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला व सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजित सम्मेलन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में अधिकार मित्र शंकर लाल साहू द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से नालसा निशुल्क विधिक सलाह व सहायता योजना, नालसा जागृति योजना 2025, नालसा संवाद योजना 2025, नालसा आशा योजना बाल विवाह मुक्त भारत 2025, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091,181, नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2015, साइबर सुरक्षा, साइबर सेल हेल्पलाइन नंबर 1930, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं 2016, नेशनल लोक अदालत, के साथ ही साथ मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0 के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया।प्रशिक्षण कार्यशाला व सम्मेलन में बुड़ेनी तथा बेल्दार सिवनी सेक्टर के ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि व स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा मितानिनों के साथ ही स्त्रोत व्यक्ति के रुप में कुमारी गायकवाड़, मास्टर ट्रेनर के रूप में सोनवती पटेल तथा उषा जांगड़े उपस्थित रहीं। न्याय सबके लिए।



जोगी कुआं धाम में 5.60 लाख से बने शौचालय एवं स्नानगृह का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

सामाजिक सरोकारों के तहत अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई बैकुंठ सीमेंट वर्क्स द्वारा बैकुंठ स्थित जोगी कुआं धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय एवं स्नानगृह का निर्माण कराया गया है। 5 लाख 60 हजार रुपए की लागत से निर्मित इस सुविधा का लोकार्पण ग्राम पंचायत बहेसर की सरपंच सविता सेवक बर्मन ने फीता काटकर किया। यह निर्माण कार्य अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से कराया गया है। परियोजना में पाइपलाइन विस्तार का कार्य भी शामिल है। इस सुविधा के शुरू होने से जोगी कुआं धाम में दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के एफएच एवं टेक्निकल हेड राजीव सिंघल, सेक्शन हेड (एचआर) नितेश शर्मा, सीएसआर प्रतिनिधि सोनाली गवारगुर, सीडी लहरे, मुन्ना बर्मन और निरूपा कश्यप उपस्थित रहे। वहीं, जोगी कुआं धाम बैकुंठ के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता दिनेश गायकवाड़, संयोजक शिव टंडन और कार्यकारी अध्यक्ष चरण दास चेलक सहित अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



इस पहल को क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया कदम माना जा रहा है। सीएसआर के माध्यम से इस तरह के कार्य स्थानीय समुदाय को सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

मुंडा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा की भक्तजन अपने-अपने मनोकामना पूर्ण करने श्रद्धा भाव से मां भगवती की श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और रविवार 18 तारीख को उपरोहित विजय पांडे लवन वाले के द्वारा विधि विधान पूर्वक हवन पूजन किया गया और खीर पूड़ी प्रसाद वितरण किया गया। सोमवार को नवमी तिथि को विसर्जन के लिए मंगल आरती के लिए सेवकों द्वारा मादार की थाप पर नाचते गाते हुए पूरे गांव भर घुमाया गया और शाम होते ही नया तालाब ले जाकर माता रानी को नम आंखों से अंतिम विदाई दिया गया जिसमें सम्मिलित सुखी वर्मा चंद वर्मा, डिसकुमार वर्मा, लोमश वर्मा, युगल वर्मा, दाउ राम वर्मा, मनीराम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, गंधेशवर वर्मा, भूषण वर्मा, मोरध्वज वर्मा सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।





बगबुड़ा में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

बगबुड़ा। जिले के ग्राम बगबुड़ा में नवरात्रि पर्व के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए और अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। विसर्जन के दौरान गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालु मां दुर्गा की भक्ति में लीन होकर विदाई यात्रा में शामिल हुए। "जय माता दी" और "अगले बरस तू जल्दी आना" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। नवरात्रि के नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से गांव एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही नवरात्रि पर्व का समापन हुआ। भक्तों ने अगले वर्ष मां दुर्गा के पुनः आगमन की प्रतीक्षा और श्रद्धा के साथ उन्हें विदाई दी।



खबर संक्षेप



होली हार्ट स्कूल में गरबा की धूम

खरोरा। नवरात्रि के पावन अवसर पर होली हार्ट स्कूल में गरबा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराना तथा आपसी सहयोग और एकता की भावना को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ भारतीय परंपराओं के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

धर्म गुरु बालदास साहेब का मनाया अवतरण दिवस



भाटापारा। धर्म गुरू गुरु बालदासजी साहेब का अवतरण दिवस के पावन अवसर पर राजमहंत देवनारायण बांधे ने शुभकामनाएं देकर धर्म गुरू से आशीर्वाद लिया।

बाइक चोरी के दो मामले

महासमुंद। बाइक चोरी के दो मामलों में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बरोंडाबाजार के गजराज सिंग राजपूत ने बताया कि वह 15 अक्टूबर को अपने दोस्त शिवा साहू और शुभम साहू के साथ मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीएफ 9707 से नवरात्र पर्व दौरान घूमने के लिए महासमुंद गया था। मोटर सायकल को रात्रि करीबन 11.20 बजे महासमुंद के दादाबाडा दुर्गा पंडाल के सामने खड़ी कर अंदर दर्शन करने के लिए गया, जहां से वापस आने पर बाइक उक्त स्थल पर नहीं थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे चोरी कर लिया। इसी तरह ग्राम बेमचा के मयंक चंद्राकर ने रिपोर्ट लिखाई है कि जीतू चंद्राकर के नाम की मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 एचबी को 13 अक्टूबर को घर के सामने से किसी व्यक्ति ने चोरी कर लिया।

महाअष्टमी : नौ कन्याओं का पूजन कर लिया सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन और पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पलारी नगर सहित अंचल में सोमवार को नवदुर्गा महा अष्टमी के उपलक्ष में पंडित द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कार्यक्रम किया गया,इससे पहले रविवार को समस्त देवालयों में हवन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। नगर पलारी के दुर्गा पंडालो में नगर पुरोहित राहुल महाराज और रमाशंकर मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड पर पूर्णाहुति कर एवं माँ दुर्गा की पूजा अर्चना सफलतापूर्वक कराई गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें कन्या के पांव पूजा कर श्रृंगार कर उन्हें भोजन और मिष्ठान परोसा गया तथा कन्याओं को सामग्री भेंट कर नौ कन्याओं के आरती उतार कर आशीष आशीर्वाद लिया साथ ही भूल चूक के लिए क्षमा याचना की इसके बाद समूचे दुर्गा पंडाल में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें छोटे-बड़े सभी वर्गों ने एक साथ बैठकर भंडारे का आनंद लिया, नगर के बाजार चौक, बस स्टैंड, गांधी चौक, सरस्वती चौक, ठाकुरदेव चौक, महामाया चौक, शीतला माता चौक आदि सभी दुर्गा पंडालो में देर रात तक महाभण्डारे का आयोजन चलता रहा।



संदीप साहू ने मां महामाया की पूजा-अर्चना की

लवन। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी तिथि के शुभ अवसर पर कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संदीप साहू एवं कार्यकर्ताओं के साथ नगर पंचायत लवन में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ माँ महामाया मंदिर पहुँच कर माँ महामाया के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा माता रानी कि आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक साहू ने माँ जगदंबा से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर पार्षद मृत्युंजय पांडे, जनपद विधायक प्रतिनिधि अजय तामस्कार, लवन नगर विधायक प्रतिनिधि अजय बार्वे, पार्षद प्रकाश तामस्कार, येशु दास निराला, महेश कुर्रे, अभय तिवारी, अरविंद गोयल, सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओ की उपस्थिति रहे।



विधि-विधान से हुआ हवन-पूजन और कन्या भोज



सुहेला। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी के दिन सुहेला अंचल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन होने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। युवा दुर्गा समिति रामनगर, गुढ़ी चौक सहित महामाया मंदिर, खल्लारी मंदिर, हनुमान मंदिर एवं अंचल की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन कर मां दुर्गा की आराधना की गई। सुबह से ही मंदिरों और दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। जसगीतों और माता की जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के समक्ष आहुति अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र की मंगलकामना की। हवन-पूजन के पश्चात नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर कन्या भोज कराया गया तथा उनका पूजन कर आशीर्वाद लिया गया।

नवरात्र के नौ दिनों तक सुहेला अंचल में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल बना रहा। दुर्गा पंडालों में पूजा-अर्चना, जसगीत गायन और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालु मां की भक्ति में लीन रहे। अष्टमी पर हवन-पूजन और कन्या भोज के साथ श्रद्धालुओं ने शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पूरे अंचल में श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। उक्त अवसर पर विशेष रूप से रेवाराम साहू, निरंजन वर्मा, दिनेश वर्मा, हृदय वर्मा, भोलाराम वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा, हृदय राम वर्मा, नकछेद साहू, भारत वर्मा, लीलाशंकर वर्मा, बल्ला सहित श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना



खरोरा। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत छड़िया के आजाद चौक दुर्गोत्सव समिति व श्री राम चौक दुर्गोत्सव समिति में महाष्टमी के शुभ अवसर पर मां दुर्गा का हवन-पूजन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक आजाद चौक समिति व श्री राम समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा की सेवा में जसगीतों और सेवा गीतों का श्रद्धापूर्वक गायन किया गया। माता के जयकारों और भक्तिमय गीतों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था और समर्पण के साथ माता की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के दौरान गांव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। हवन-पूजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने लोककल्याण, सुख-शांति और ग्राम की समृद्धि की मंगलकामना की। ऐसे धार्मिक आयोजन ग्रामीणों को आस्था के सूत्र में पिरोने के साथ आपसी सद्भाव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर आजाद चौक समिति सदस्यगण जीतराम वर्मा, दानी विश्वकर्मा, खूबी वर्मा, सूरज वर्मा, निखिल, प्रमोद, अजय, साथीगण। वहीं श्री राम दुर्गोत्सव समिति के सदस्यगण दिलीप वर्मा, अशोक वर्मा, राकेश वर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, ताकेश्वर, खिलेश्वर, भागीरथी वर्मा, मिथलेश वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की आराधना कर गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां अर्पित कर मांगी सुख-समृद्धि

खरोरा। अंचल में 11 अक्टूबर से शुरू हुआ क्वार नवरात्र पर्व अब समापन की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में रविवार को नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालों और मंदिरों में हवन-पूजन तथा कन्या भोज का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां जगत जननी की आराधना करते हुए हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं और परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।नगर के दुर्गा पंडालों में विधि-विधान से हवन अनुष्ठान संपन्न हुए। आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री अर्पित कर माता की पूजा-अर्चना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं, राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर और महामाया मंदिर में भी दोपहर को विधिवत हवन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने माता के समक्ष पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-शांति



के लिए प्रार्थना की। नवरात्रि के अवसर पर घरों और मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्याओं को भोजन कराकर श्रद्धालुओं ने उनका पूजन किया। विभिन्न स्थानों पर खीर-पूड़ी सहित अन्य प्रसाद का वितरण भी किया गया। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों के बीच नगर के बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। वहीं महिलाएं पूजा-अर्चना के लिए फल, फूल, नारियल और चुनरी की खरीदारी करती रहीं। माता के दर्शन और पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा।

इधर, नवरात्र के अंतिम चरण में दुर्गा उत्सव समितियां माता की विदाई और प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों में जुट गई हैं। नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का दुर्गा नवमी के अवसर पर शीतल तालाब में विसर्जन किया जाएगा। इसके साथ ही क्वार नवरात्र पर्व का समापन होगा। हवन-पूजन, कन्या भोज और माता के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय बना हुआ है।

स्वाहा-स्वाहा के मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हुआ

हिरमी रावन। क्षेत्र में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। नवरात्र के अवसर पर जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी के दिन हवन-पूजन का विशेष आयोजन हुआ। इस दौरान स्वाहा-स्वाहा के मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।आदर्श मित्र मंडल द्वारा भी नवरात्र पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। आयोजन में समिति के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पूजा-पाठ में भाग लिया, वहीं युवाओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा।सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा ने बताया कि आदर्श मित्र मंडल द्वारा विगत छह वर्षों से लगातार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। हालांकि, समिति द्वारा इससे पहले भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर नवरात्र पर्व मनाया जाता रहा है। समिति के सदस्य श्रद्धा और उत्साह के साथ माता की सेवा में जुटे रहते हैं।उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। नवरात्र पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अष्टमी पर हवन-पूजन के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।



विधि-विधान से हुआ हवन



पलारी। ग्राम पंचायत बिलौरी बाजार चौक दुर्गा समिति के द्वारा नवरात्रि के पावन महापर्व के अवसर पर महानवमी की अवसर पर हवन यज्ञ पूजा पाठ किया गया समस्त ग्रामवासी की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली जीवन की कामना के लिए, इस अवसर पर सरपंच किरण साहू, सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू पुरोहित, मिलन चौबे समिति के अध्यक्ष जंतराम साहू, सालिक साहू, जीवराखन, मंतराम साहू, लक्ष्मण ध्रुव, मालिक साहू, ढुर्गेश यादव, रामकुमार साहू, साराधु ध्रुव, गेंदराम साहू, भागबली यादव, छेदू राम साहू, भारत ध्रुव, बुधारू राम साहू, गजराज वर्मा, ललित साहू एवं समस्त ग्रामवासीगण उपस्थित थे।

यातायात व पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान, अधिकारियों ने दिए आवश्यक निर्देश

दशहरा उत्सव की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

आसन्न दशहरा पर्व को पूर्णतः सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने की दृष्टि से आज खरोरा एवं केशला दोनों स्थानों पर दशहरा महोत्सव की तैयारियों का विस्तृत एवं व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व सीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने किया। उनके साथ खरोरा थाना प्रभारी प्रेम प्रकाश अवधिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम प्रकाश, नगर के उपाध्यक्ष सुमीत सेन, सब इंस्पेक्टर चेतन दुबे, क्रिकेट स्टार ग्रुप के सक्रिय सदस्य आलोक बघेल, नवीन साहू, कुलदीपक वर्मा, केशला सरपंच माया वंशे, उपसरपंच लोमश देवांगन, छबि नशीने तथा हेमंत देवांगन शामिल रहे। नगर उपाध्यक्ष सुमीत सेन भी इस महत्वपूर्ण निरीक्षण कार्यक्रम में



सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। दल ने दोनों स्थानों पर दशहरा महोत्सव की समस्त तैयारियों का जायजा लिया। विशेष रूप से यातायात व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा संबंधी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, जाम या असुविधा की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष सुमीत सेन ने कहा कि दशहरा जैसे महत्वपूर्ण पर्व को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों का आपसी सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्रिकेट स्टार ग्रुप के सदस्यों से भी विचार-विमर्श किया। सभी संबंधित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय सहयोगियों के संयुक्त प्रयासों से दशहरा पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं पूर्णतः व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो, यही कामना व्यक्त की गई।

इस निरीक्षण से स्पष्ट हुआ कि प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा दशहरा महोत्सव को सफल बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट:

महासमुंद। सांकरा में एक युवक के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। सांकरा का रूपेश साव 18 अक्टूबर की शाम लगभग 5:45 बजे फॉरेस्ट ऑफिस के पास खड़ा था, इसी दौरान ग्राम सांकरा के सागर यादव, शोभाराम यादव एवं तुषार यादव ने विवाद और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।